प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

दिनांक- 26.01.2025

- **अपराध नियंत्रण की दिशा में कानपुर देहात पुलिस को मिली एक और सफलता।**
- **थाना सिकन्दरा पुलिस द्वारा हत्या के अभियोग में वांछित चल रहे 03 नफर अभियुक्त/अभियुक्ता को आला कत्ल 01 अदद बांका सहित किया गया गिरफ्तार।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर श्री आलोक सिंह व पुलिस महानिरीक्षक रेन्ज कानपुर श्री जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन एवं पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में में चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में वादी रामबिलाश S/o उमाशंकर राजपूत ग्राम श्यामगढ मजरा रोहानी थाना सिकन्द्रा का0(दे0) द्वारा खुद के पुत्र की हत्या करने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिया गया। जिसपर मु0अ0सं0 014/2025 धारा 103(1)/61 बीएनएस बनाम 1. श्रीमती नीरज पत्नी संजीव कुमार 2. संजीव कुमार पुत्र स्व0 नाथूराम 3. बब्बू s/o नाथूराम 4. सर्वेश पुत्र स्व नाथूराम निवासीगण श्यामगढ मजरा रोहनी थाना सिकन्दरा कानपुर दे0 पंजीकृत किया गया था। दिनांक 25.01.2025 थाना सिकन्दरा पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त सर्वेश कुमार पुत्र स्व0 नाथूराम निवासी ग्राम श्यामगढ मजरा रोहिनी थाना सिकन्दरा जनपद कानपुर देहात व अभियुक्ता नीरज देवी पत्नी संजीव कुमार निवासिनी ग्राम श्यामगण मजरा रोहिनी थाना सिकन्दरा जनपद कानपुर देहात को रोहिणी तिराहे थाना क्षेत्र सिकन्दरा से समय करीब 19.00 बजे हिरासत पुलिस में लिया गया तथा आज दिनांक 26.01.2025 को अभियुक्त शिवम उर्फ कल्लू पुत्र तुलसीराम निवासी ग्राम श्यामगढ़ मजरा रोहनी थाना सिकन्दरा जनपद कानपुर देहात को सदगुरु स्कूल के समाने थाना क्षेत्र सिकन्दरा से समय 12.35 बजे गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त सर्वेश कुमार की निशादेही पर हत्या करने में प्रयुक्त बांका को बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण को नियमानुसार मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त/अभियुक्ता का विवरण –

1. सर्वेश कुमार पुत्र स्व0 नाथूराम निवासी ग्राम श्यामगढ मजरा रोहिनी थाना सिकन्दरा जनपद कानपुर देहात,
2. नीरज देवी पत्नी संजीव कुमार निवासिनी ग्राम श्यामगण मजरा रोहिनी थाना सिकन्दरा जनपद कानपुर देहात
3. शिवम उर्फ कल्लू पुत्र तुलसीराम निवासी ग्राम श्यामगढ़ मजरा रोहनी थाना सिकन्दरा जनपद कानपुर देहात

पूछताछ का विवरण- अभियुक्तगण से पूछताछ में अभियुक्त सर्वेश कुमार उपरोक्त द्वारा बताया गया कि मेरी भाभी नीरज देवी व मेरा प्रेम प्रसंग काफी दिनों से चल रहा है। मेरी भाभी नीरज देवी व विकास पुत्र रामविलास निवासी ग्राम श्यामगढ मजरा रोहिनी थाना सिकन्दरा कानपुर देहात का भी आपस में प्रेम प्रसंग था। जिसकी जानकारी मुझे हो गयी थी, जो मुझे अच्छा नहीं लगा, मैंने अपने चचेरे भाई शिवम उर्फ कल्लू पुत्र तुलसीराम

उर्फ अवध किशोर व भाभी नीरज देवी के साथ विकास को मारने का प्लान बनाया तथा अपनी भाभी नीरज देवी को कहकर विकास को खेतों पर बुला लिया । मैनें विकास से अपनी भाभी नीरज से मिलने व उससे बातचीत करने को मना किया लेकिन वह नही माना । फिर मेरी हाथापाई विकास से होने लगी और मैनें विकास पर अपने हाथ में लिये लोहे के बांके से उसके कान के नीचे गर्दन पर वार कर दिया। शिवम उर्फ कल्लू ने विकास को पीछे से पकड लिया और मै विकास पर बांके से वार करता गया जब तक विकास मर नही गया । उसके बाद विकास की लाश को वही पटरी पर छोडकर हम दोनों लोग नहर की पटरी के रास्ते भाग गये थे। आज मैं और मेरी भाभी नीरज देवी कहीं बाहर भागने के फिराक में थे तभी आप लोगो ने हमें पकड लिया।

अभियुक्तगण का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 014/2025 धारा 103(1)/61 बीएनएस थाना सिकन्दरा जनपद कानपुर देहात।

बरामदगी का विवरण-

1. एक अदद घटना में प्रयुक्त बांका ।
2. एक अदद रक्त रंजित शर्ट ।
3. तीन अदद मोबाइल ।

गिरफ्तार करने वाली थाना सिकन्दरा पुलिस टीम-

1. प्र0नि0 महेश कुमार
2. उ0नि0 चरण सिंह
3. हे0का0 92 सुरेन्द्र सिंह
4. कां0 98 गौरव कुमार
5. कां0 1043 पुष्पेन्द्र कुमार
6. म0का0 464 सपना वर्मा